
## खबर संक्षेप



### 21 फिट ऊँची महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन आज

**उमरियापान।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर उमरियापान के समीप परसेल गांव में बस स्टैंड में माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई। 9 दिनों तक माता रानी का पूजन किया गया। सुबह शाम मातारानी की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। जय माँ महाकाली सार्वजनिक समिति के सदस्यों ने बताया कि परसेल में इस बार 21 फिट ऊँची प्रतिमा के साथ मातारानी का पण्डाल सजाया गया। मातारानी के पूजन के साथ देवी पुराण और संगीतमय कथा भी चलती रही। सोमवार को हवन पूजन का आयोजन किया गया। मंगलवार सुबह कन्या पूजन और भण्डारे का आयोजन होगा। इसके बाद चल समारोह के साथ मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

### 20 हजार रू कीमत की अवैध शराब की गई जब्त



**कटनी।** बड़वारा थाना के बसाड़ी ग्राम रोड में अवैध रूप से देशी शराब का विक्रय करते हुए घुघरी के अशोक सिंह, बसाड़ी के रामकेश पटेल को पकड़ा। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच कटनी की टीम ने की है। क्राइम ब्रांच ने जब रेड मारी तब खुले मैदान में राम सिंह पटेल लोहे की गुमटी में फर्जी बियर बार बना कर अवैध शराब का बिक्रय कर राहा था। इसके अलावा अशोक कोल बसाड़ी बरही मुख्य मार्ग पर सटर लगी दुकान से अवैध शराब बेचता पाया गया। क्राईम ब्राचं कटनी की टीम ने कार्यवाही करते हुए दोनो अरोपियों को पकड़ा और बड़वारा पुलिस के सुपुर्द किया। बड़वारा पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। कार्यवाही मे कटनी क्राईम ब्रांच के निरीक्षक संदीप अयाची एवं उनकी टीम सउनि राम शरण मिश्रा एवं आर० कामोद कोल, तुषार रजक सहित बड़वारा पुलिस की संयुक्त भूमिका रहीं। कार्यवाही के दौरान आरोपियों से 200 पाव प्लेन एवं मशाला देशी शराब कीमती 20 हजार रूपये की जप्त की गई।

### बाल चौपाल का किया आयोजन, कन्या भोजन

**उमरियापान।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा उमरियापान ग्राम पंचायत सभागार में सोमवार को बाल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की कला और बौद्धिक क्षमता को निखारने सहित महिलाओं को संतुलन आहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें छोटे बच्चे,अभिभावक गर्भवती और शिशुवती महिलायें शामिल हुई।सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने बाल चौपाल के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी और चौपाल में पहुंचे बच्चों को कविता चुटकले और कहानियां प्रस्तुत करने के लिये प्रेरित किया। थोड़ी झिझक के बाद तीन चार साल के बच्चों ने तोतली भाषा में प्रस्तुतियां दी, जो वहां मौजूद लोगों को बहुत पसंद आयी। चौपाल के दौरान बच्चों को चित्रों के माध्यम से फलों व सब्जियों के नाम से भी परिचित कराया गया।पोषण एवं संतुलित आहार को लेकर शपथ दिलाई।इस मौके पर सरपंच अटल ब्यौहार और सचिव सतीश गौतम ने कन्या पूजन किया। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमंत्री चौरसिया, संगीता चौरसिया, मीना गुप्ता, रजनीगंधा दाहिया, अर्चना चौरसिया आदि मौजूद थीं।

---

जवारा विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र पर्व का हुआ समापन, कन्याभोज व भंडारे का आयोजन

# मां काली ने खेला खप्पर, भक्तों ने लिया बाना, आस्था से निकला जवारा जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगतमाता मां आदिभवानी की भक्ति, आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र का सोमवार को जवारे विसर्जन के साथ ही समापन हो गया। महाअष्टमी एवं महानवमी पर हवन, पूजन, कन्या भोज, भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ।शहर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में मंदिरों, मढ़ियों व दिवालो में जवारे बोये गए थे। नौ दिनों तक धार्मिक स्थलों में भक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा माता की भक्ति की गई। नगर में आस्था के केन्द्र जालपा मंदिर, उपनगरीय क्षेत्रो के अलावा जिले भर में स्थानीय परंपरा और मान्यता के अनुसार हुये विविध धार्मिक आयोजनों की देर रात्रि तक धूम रही। श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन रहे। जवारों की लंबी कतारों के बीच मां काली नृत्य करते हुये जवारा जुलूस विसर्जन घाटो तक पहुंचा। श्रद्धालुओं ने जवारों में दुग्धाभिषेक किया। चैत्र नवरात्र की नवमी के मौके पर अलसुबह से ही माता के दरबार में भक्तों की लंबी कतार रही। देर शाम मातारानी के जयकारो के बीच जवारा विसर्जन जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में सिर पर जवारा कलश रखे बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।



### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

नगर के आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर , बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर , झंडा बाजार खेरमाई मंदिर , भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर बरगवां , घंटाघर स्थित काली मंदिर , अशोक कालोनी स्थित मां शेरावाली मंदिर , तिलक कालेज रोड स्थित खेरमाई मंदिर , खिरहनी फाटक के पास स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर , तिलक कॉलेज रोड स्थित बलखंडी माता की मढ़िया , खेरमाई माता मंदिर ओएफके , शहीद द्वार दुर्गा मंदिर , उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में भी चैत्र नवरात्र की नवमी पर मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई । भोर होते ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे । माता को जल ढारने के बाद पूजा अर्चना की गई । नगर के सिद्धपीठ मां जालपा मढ़िया में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ देखी गई ।

### छपरवाह में भी निकला जुलूस

उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित मनोकामना सिद्धी काली मंदिर का जवारा विसर्जन जुलूस आस्था के साथ निकाला गया। जवारा जुलूस मनोकामना सिद्धी काली मंदिर से प्रारंभ हुआ और ग्राम के प्रमुख मार्गों से होता हुआ सिमरौल नदी के किनारे स्थित हनुमान मंदिर व हनुमान घाट में आकर समाप्त हुआ। जहां भक्तिभाव के साथ जवारा विसर्जित किए गए। इसके साथ ही चैत्र नवरात्र पर्व का समापन हुआ। इसके पूर्व चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी को मनोकामना सिद्धी काली मंदिर में कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में पहुंची कन्याओं सहित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं चैत्र नवरात्र पर्व की नवमी को जवारा विसर्जन मनोकामना सिद्धी काली मंदिर से प्रारंभ हुआ और पूरे गांव का भ्रमण करता हुआ सिमरौल नदी के हनुमान घाट में पहुंचा। जहां भक्तिभाव के साथ जवारों का विर्सजन किया गया।

---



# कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत सोमवार 7 अप्रैल को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस ,स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सौरभ अग्रवाल, आम आदमी पार्टी के अनिल सिंह संगर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ईश्वर बहरानी और जिला कोषायल अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

---

*उपलब्ध सेवाओं एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से लिया जायजा*

# विशेष निरीक्षण के लिए दिल्ली से पहुंची टीम ने उप स्वास्थ्य केन्द्र की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिल्ली से स्वास्थ्य विभाग की एक टीम उप स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में विशेष निरीक्षण के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान टीम ने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं दवाओं की उपलब्धता स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्र में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों से चर्चा की और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के दौरान कुछ खामियों की ओर भी ध्यान दिलाया गया जिस पर जल्द सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तर पर समन्वय आवश्यक है इस बारे बीएमओ मेघेंद्र श्री वास्तव ने बताया कि बडगांव में दिल्ली से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर निरीक्षण किया है। उप स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में विशेष निरीक्षण के लिए दिल्ली से स्वास्थ्य विभाग की एक टीम पहुंची, जहां टीम ने निरीक्षण किया और विशेष टीम ने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं दवाओं की उपलब्धता व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।





---

## प्रशिक्षण के बाद ली गई मौखिक एवं लिखित परीक्षा



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे केमार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी केसहयोग से दिया गया। पाठ्यक्रम के अनुसार तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिए गए जैविक खेती के प्रशिक्षण के पश्चात लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई।

---

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अजाक्स संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा तहसील मुख्यालय में अजाक्स संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें गोरेकल कमेटी के अनुसर पदोन्नति मे आरक्षण दिया जाय,पुरानी पेंशन लागू की जावे, बैकलॉग पद अतिशीघ्र भरे जावे, स्कुल कालेज के छात्रों को छात्रवृत्ति समय पर दिया जावे, आउट सोर्सिंग भर्ती बंद किया जावे जरूरी हो तो उसमे आरक्षण लागू किया जावे एवं अन्य माँगों के निराकरण को लेकर जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे एवं पूर्व अजाक्स जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी के उपस्थित में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुँचकर तहसील अध्यक्ष गुड्डा प्रसाद रैदास के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर को सौंपा ज्ञापन। जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे ने बताया कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर प्रांतीय आवाहन पर चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान तहसील ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह मराबी , जिला कोषाध्यक्ष सुग्रीम मराबी, जिला प्रवक्ता किशन लाल भुमिया, महावीर अहिरवार, कमलेश तेक्राम आदि की उपस्थिति रही।



---

*बच्चों में अच्छे आचरण एवं अनुशासन को बढ़ावा देनो है उद्देश्य*

# जिले की ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बाल अनुकूल पंचायत निर्मित करने हेतु सोमवार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस की विशेष थीम स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य जिसके माध्यम से जिले की सभी 407 ग्राम पंचायतों एवं 1713 आंगनवाड़ी केन्द्रों में बाल सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के तारतम्य में जिला नोडल अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, के निर्देशन में सोमवार को बच्चों को पोषण आहार खान-पान से संबंधित जानकारी दी गई ।साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्यसंतुलन अच्छा रखने हेतु जानकारी दी गई।



बाल सभा के उद्देश्य बाल सभा यह एक बच्चों के लिए शुरू की गई पहल है जिसका उद्देश्य 4 से 14 वर्ष की उम्र के बच्चों में मूल्यों को संचारित करना, उनमे अच्छे आचरण को प्रेरित करना और अनुशासन को बढ़ावा देना है।

बाल सभा का क्या-क्या होता है इसमें निबंध, आशु भाषण, प्रश्नोत्तरी, नृत्य संगीत से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके तहत भारतीय इतिहास, शिक्षा, संस्कार, नैतिक एवं मूल्य शिक्षा, गौरवमयी नारियां, महान विभूतियां एवं ग्रंथ, पर्व, संस्कृत साहित्य तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगीं। एवं समय समय पर बाल सभा का आयोजन करके बच्चों तरह तरह की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा की। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बच्चों को बताया गया कि कैसे खान-पान रखना चाहिए। बालसभा बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बालसभा विद्यार्थियों के शारीरिक, नैतिक, चारित्रिक विकास के लिए उपयोगी है। बालसभा में जब विद्यार्थी एक सभा के लिये जमा होते हैं, तो वे इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने विचार एक-दूसरे के प्रति साझा कर सकते हैं।

---

## जल संरक्षण के लिए निरंतर बढ़ रही जन सहभागिता

# जल स्त्रोतों की सफाई कर जल संरक्षण हेतु किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में वर्षा जल संचयन, पुराने जल स्त्रोंतो का पुनर्जीवन हेतु जिले में विगत 30 मार्च से आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहभागिता बढ़ती जा रही है। जिसके फलस्वरूप जिले में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से नदी, तालाब कुओं सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर जीर्णोद्धार कार्य में सहभागिता निभा रहे है। ग्राम पंचायत जमुनिया में जल गंगा संवर्धन के तहत खेर माई तालाब में जन सहयोग से श्रमदान किया जाकर घाट व तालाब की सफाई की गई। इस कार्य में ग्राम पंचायत जमुनिया जनपद पंचायत रीठी मे सरपंच, उप सरपंच, सचिव, सहायक सचिव, पंच व ग्राम के नागरिक ने सहयोग प्रदान किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बहोरीबंद नवांकुर संस्था पटना मढिया द्वारा जल संवर्धन अभियान का प्रचार-प्रसार ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से दीवारों में नारा लेखन कर जल बचाने के लिए जागरूक किया गया। वहीं अभियान के तहत जन अभियान परिषद बड़वारा की सेक्टर भुड़सा के ग्राम पथवारी एवं झरेला में जल संरक्षण हेतु प्रेरित नारों का दीवार लेखन किया जाकर नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।



### बालग्राम सभा आयोजित

ग्राम पंचायत पथराडी पिपरिया मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बाल ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्राम के बच्चों को ग्राम पंचायत सरपंच आशा मंगीलाल चौधरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी दी जाकर बच्चों एवं उपस्थित जनों को अपने-अपने घरों में पानी बचाने एवं पानी का सही तरीके से उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान अपने घर के आसपास सफाई रखने एवं अपने घरों की छत पर पक्षियों के लिए पानी रखने का आग्रह किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने घर जाकर अपने मम्मी पापा एवं आस-पास के लोगों को इस हेतु समझइस देने की बात कही।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच आशा मंगीलाल चौधरी सचिव बाला प्रसाद रोजगार सहायक नितिन विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता पटेल यशोदा गुप्ता ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य एवं संस्कार युवा समिति अध्यक्ष मनोज कुमार एवं ग्राम के बच्चों की उपस्थिति रही।

---

# कुंए में मिली दिव्यांग की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डीघी निवासी एक दिव्यांग युवक का लाश मिलने से सनसनी मच गई। ग्राम गोहावल के युवक को डीघी गाँव का युवक अपने साथ खेत ले गया था। जानकारी मुताबिक मृतक गोहावल निवासी रामप्रताप पिता रामविशाल पटेल 28 वर्ष को डीघी निवासी राकेश पटेल रविवार की शाम करीब 6 बजे गोहावल से डीघी खेत में मदद कराने ले गया था जिसका शव बस्ती स्थित कुएं से बरामद किया गया।

सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम करते हुए बरही पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुट गई है मृतक को अपने साथ राकेश ले गया था जबकि राकेश के पिता कमला पटेल ने रात के 10 बजे गोहावल पहुंचकर मृतक के परिजनों को जानकारी दी कि रामप्रताप कुएं में गिर गया है, जिसकी मौत हो चुकी है। यह खबर मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मृतक रामप्रताप के शव को पुलिस की मौजूदगी में रात 1 बजे बाहर निकाला गया। पंचनामा कार्यवाई उपरान्त रात में ही शव को बरही अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया युवक की संदेहास्पद मौत से सवाल खड़े हो रहे है। मृतक के परिजनों का आरोप था कि राकेश खेत में ट्रेक्टर चला रहा था, जबकि मृतक से पलाई जलवाई जा रही थी, इसी बीच ट्रेक्टर उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे बचने के लिए शव को कुएं में फेंक दिया गया।

सवाल यह भी उठता है कि मृतक को राकेश लेकर गया था लेकिन उसके कुएं में होने की जानकारी उसके पिता ने दी। मृतक जब खेत में था तो कुएं में कैसे पहुंच गया, इन सारे पहलुओं की पड़ताल करने में बरही पुलिस जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### अग्नि हादसों से बचाव की व्यवस्था करनें निर्देश

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया नें जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान अग्नि दुर्घटना की संभावित संभावनाएं को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शासकीय एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पानी के टैंकर में पानी भरकर सुलभ सुरक्षित स्थल पर रखने के निर्देश दिए है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद श्री चौरसिया द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है। कि जिला मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्रों की दूरी अधिक होने से अग्नि दुर्घटना के घटित होने पर बचाव हेतु फायर ब्रिगेड के पहुंचने में अत्याधिक समय व्यतीत होने के कारण अत्यधिक नुकसान होता है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शासकीय एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पानी के टैंकर में पानी भरकर रखने से किसी भी घटना के घटित होने के दौरान प्राथमिक रूप से उक्त पानी के टैंकरों से सहायता पहुंचाई जा सकती है। इस हेतु एस.डी.एम बहोरीबंद ने शासकीय पानी के टैंकरों, ट्रेक्टरों के चालकों तथा निजी ट्रेक्टर टैंकर के चालकों की सूचियों तैयार कर अविलंब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### विद्यालयों के समय परिवर्तन की उठी मांग

**कटनी।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अप्रैल माह में प्रदेश के अन्य जिलों की तरह कटनी में भी शालाओं में समय बदलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मौसम के बदलते तेवर और नवनिहालों के स्वास्थ्य को देखते हुए, जिले के विद्यालयों का समय सुबह के पाली में लगाये जाने की मांग अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा की गयी है। जिला कलेक्टर सहित जिला शिक्षा अधिकारी को भेजे पत्र में अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा उल्लेख किया गया है कि गर्मी के मौसम में बच्चे के सेहत को ध्यान में रखते हुए, किसी अप्रिय घटना घटित होने के पहले ही शालाओं का समय परिवर्तन जिले के लिये एक महत्वपूर्ण मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के अनेकों अनेक जिला कलेक्टरों द्वारा कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यालयों में एक अप्रेल से प्रारंभ हुए नवीन शिक्षा सत्र में एक माह हेतु शाला समय में परिवर्तन किया गया है. किन्तु कटनी जिला अभी तक इस बालकेंद्रित हित से जुड़े आदेश की प्रतीक्षा में है। जिला प्रशासन से जिले की शालाओं में यथा शीघ्र समय परिवर्तन का अनुरोध किया गया है।

### नागरिकों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** जल जीवन का अमूल्य हिस्सा है, इसलिए इसके संरक्षण, स्वच्छता और गुणवत्ता के प्रति संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है। जल गंगा संवर्धन अभियान ग्रामीणों में इस संवेदनशीलता को बढ़ाने में काफी कारगर साबित हो रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की छात्रा आकृति मौर्य एवं आकांक्षा मौर्य नें जिले के ग्राम हरदुआ में इस संवेदनशीलता को आत्मसात किया। उन्होंने नारा लेखन और चित्रकला के जरिए जल संरक्षण, संवर्धन एवं जल स्रोतों के आस पास की स्वच्छता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और रचनात्मक को बखूबी दर्शाया। छात्राओं ने ग्राम वासियों को जल के महत्व में जागरूक किया और उन्हें जल संचयन और जल स्रोतों के प्रदूषण नियंत्रण में भागीदारी निभाने हेतु संकल्प लिया।

### छात्राओं द्वारा चलाई गई जागरूकता गतिविधियां

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीएमसीएलडीपी की छात्राओं द्वारा भी जन जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जनसहभागिता से प्राचीन जल स्रोतों के पुनरूद्धार के साथ ही वालंटियर्स द्वारा ग्राम पंचायत झुर्री, दशरमन, पाली, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ में जल संरक्षण का संदेश प्रसारित करते हुए जागरूकता नारों जल है तो कल है। जल ही जीवन है। पानी बचाओ भविष्य बचाओ आदि नारों का दीवार लेखन किया जाकर लोगों को जल का संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित करनें का कार्य किया गया।

## ई-केवाईसी की सुस्त चाल पर जताई नाराजगी, तीन अधिकारियों को नोटिस

# नरवाई जलाने वालों पर रखें पैनी नजर सूचना मिलते ही दर्ज कराएं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक में समग्र आईडी का आधार से शत-प्रतिशत लिंक कर सभी का ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ई-केवाईसी के मामले में नगर निगम की कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। वहीं नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही की न्यूनतम प्रगति पर यहां के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहें।

समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, उपार्जन कार्य, ई-ऑफिस प्रणाली सहित जनसुनवाई और लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिले समस्या मूलक आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों वाले विभागों को इनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए चिन्हित सुविधायें प्राथमिकता से उपलब्ध कराने की हिदायत देते हुए कहा कि उपार्जन केन्द्रों मे किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय तथा आंधी-पानी आने की स्थिति में उपज की सुरक्षा के लिए तिरपाल व टेन्ट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करने के निर्देश सहायक आयुक्त सहकारिता राज यशवर्धन कुरील को दिए। उन्होंने कहा कि हर खरीदी केन्द्र के लिए नियुक्त सर्वेयर की सूची उपलब्ध करायें और उनका विधिवत प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के दौरान यदि मौसम खराब होता है तो भी गेहूं को खराब होने से बचाने के इंतजाम खरीदी केन्द्र में होने चाहिए। कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों के उपार्जन के लिए बनाये गये खरीदी केन्द्रों के संबंध में उपसंचालक कृषि से जानकारी ली।

### तत्काल दर्ज कराएं एफआईआर

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दो-टूक हिदायत दी कि वे फसल अवशेष नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव और पटवारी ग्राम स्तर पर नजर रखें कि कहीं से कोई भी व्यक्ति नरवाई न जलाये। इसकी सूचना मिलते ही तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाये। साथ ही गांव में मुनादी के माध्यम से लोगों में नरवाई जलाने के दुष्प्रभावों और पर्यावरणीय नुकसानों की भी जानकारी देने की भी हिदायत दी।

कलेक्टर श्री यादव ने जिले के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि अब तक जिले के 10 शासकीय कार्यालयों का ई-ऑफिस के लिए रजिस्ट्रेशन हो गया है। शेष 20 शासकीय कार्यालयों का पंजीयन प्रस्ताव भोपाल में उच्च स्तर से लंबित है। कलेक्टर ने शीघ्र ही सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों का ई-मेल आईडी बनवाने के कार्य में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के नजरिये से उपयोगी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि वर्तमान स्थिति में जिला फार्मर आईडी बनाने के मामले में प्रदेश के 6 अग्रणी जिलों में शामिल है।

बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंजीयक पंकज कोरी, उपसंचालक पशु चिकत्सा सेवायें डॉ. आरके सोनी, सीएमएचओ डॉ. आठ्या और सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा उपायुक्त पवन अहिरवार जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा और परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।



# जिले में 59 फीसदी समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य पोर्टल मे किया जा रहा है। अभियान के तहत लगभग 59 फीसदी 9 लाख 92 हजार 871 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में अब तक 9 लाख 92 हजार 871 नागरिकों का समग्र आई से आधार से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 45 हजार 73 नागरिकों, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 75 हजार 576 नागरिकों, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 44 हजार 660 नागरिकों, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 2 हजार 784 नागरिकों, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 48 हजार 190 नागरिकों, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 21 हजार 604 नागरिकों की समग्र अई.डी से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है।

नगर निगम कटनी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 965 नागरिकों, नगर परिषद बरही में 10 हजार 797 नागरिकों, नगर परिषद कैमोर में 11 हजार 234 नागरिकों तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 6 हजार 988 नागरिकों का समग्र आई.डी से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन के लिए कल अंतिम तारीख

# गेहूं, चना एवं सरसों के उपार्जन हेतु 43 हजार 544 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु जिले के कुल सिंचित एवं असिंचित क्षेत्र के 93 हजार 907.32 हेक्टेयर क्षेत्र में की जाने वाली गेहूं, चना, मसूर और सरसों की उपज हेतु अब तक कुल 43 हजार 544 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है।

शासन निर्देशानुसार गेहूँ का समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जबकि चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन का कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

### गेहूं के लिए इतने पंजीयन

जिले की 9 तहसीलों में गेंहू उपार्जन हेतु अब तक कुल 41 हजार 616 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 8736, तहसील ढीमरखेड़ा में 7585, विजयराघवगढ़ में 5296, रीठी में 4428 , बड़वारा में 4052, स्लीमनाबाद में 4114, बरही में 2917, कटनी नगर मे 2392 और तहसील कटनी में 2314 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है।

### चना उपार्जन हेतु 1891 कृषकों नें कराया पंजीयन

जिले चना उपार्जन हेतु अब तक कुल 1891 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 526, तहसील ढीमरखेड़ा में 196, विजयराघवगढ़ में 244, रीठी में 161, बड़वारा में 442, स्लीमनाबाद में 21, बरही में 227, कटनी नगर मे 61 और तहसील कटनी में 13 कृषकों ने पंजीयन कराया है। जिले में मसूर उपार्जन हेतु अब तक कुल 1226 कृषको द्वारा कराये गए पंजीयन में तहसील बहोरीबंद के 13, तहसील ढीमरखेड़ा 33, विजयराघवगढ़ के 226, रीठी के 51, बड़वारा के 549, बरही के 279 , कटनी नगर के 58 और तहसील कटनी के 17 कृषकों ने पंजीयन कराया है।

### सरसों उपार्जन हेतु 5417 कृषकों नें कराया पंजीयन

सरसों उपार्जन हेतु अब तक कुल 5 हजार 417 कृषको ने पंजीयन कराया है। जिसमें तहसील बहोरीबंद में 1158, तहसील ढीमरखेड़ा में 28, विजयराघवगढ़ में 301, रीठी में 2034, बड़वारा में 780 , स्लीमनाबाद में 38, बरही में 432, कटनी नगर मे 491 और तहसील कटनी में 155 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया है।

## आग लगने से हड़कंप, ग्रामीणेंा ने मशक्कत से बुझाया



भीषण गर्मी में एक चिंगारी भी शोला का रूप ले लेती है। विद्युत शार्ट सर्किट से अक्सर आग लगने की घटनाएं गर्मी के मौसम में बढ़ जाती है। गत दिवस पिपरिया रोड बाकल हार में अज्ञात कारणों से आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटे करीब दो एकड़ में लगी नरवाई को अपनी आगोश में ले लिया। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों और किसानों ने तुरंत आग बुझाने के प्रयास किए जिस कारण आग विकराल रूप धारण न कर सकी और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लोगों का कहना है कि संभवत: आग बिजली के तारो में हुई स्पार्किंग से लगी है,क्योंकि उड़द की फसल की खेती करने वाले किसान इस भीषण गर्मी में भी विद्युत सप्लाई चालू रखते है। आग लगने के लिए गर्मी में सूखी नरवाई में एक चिंगारी ही काफी है। आग लगने की जानकारी लगते ही लोगों ने बड़ी मशक्कत से आग बुझाई।

# सतगुरू बाबा थॉवरदास जन्मोत्सव पर 13 अप्रैल तक मेहड़ दरबार में होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मेहड़ दरबार शांति नगर में दादी नानकी देवी के सानिध्य में जन्मोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है जिसके 07 अप्रैल सोमवार को प्रातः 9 बजे से श्री सुखमनी व जपुजी साहब का पाठ आरंभ होगा एवं 10 बजे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुरू का साप्ताहिक पाठ आरंभ होगा। रोजाना प्रातः एवं सायंकाल नित्यनेम वाहि गुरू जाप शब्द कीर्तन आध्यात्मिक सत्संग एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व गुरू देवों की आरती अरदास का आयोजन होगा। रविवार को श्रीराम नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। 12 अप्रैल को बाबा थॉवरदास के जन्मोत्सव के लाडा (हर्ष गीत) का कार्यक्रम सायं 6 बजे से आयोजित होगा। 13 अप्रैल, रविवार बैसाखी के शुभ दिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक सत्संग भजन कीर्तन के बाद दोपहर 11 बजे से गुरू का लंगर (आम भंडारा) आयोजित होगा। श्री सुखमनी व श्री जपु जी साहिब के पाठ को भोग पड़ेगा। तत्पश्चात साप्ताहिक पाठ को भोग पड़ेगा एवं गुरू देवों की आरती अरदास होगी। इस जन्मोत्सव की कड़ी में 13 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे से वाहिगुरू जाप बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन एवं 244 दीपकों से समाधि स्थल पर गुरू देवों की महाआरती की जायेगी एवं जन्मदिन का केक काटकर बधाई गीत गाये जायेंगे व छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण व सेवकों का भंडारा आयोजित होगा।

धर्मप्रिय जनों से श्री मेहड़ दरबार की दादी साहिबा नानकी देवी एवं दरबार के संत साई नारायण दास बाबा थॉवरदास सेवा मंडल कटनी ने निवेदन किया है कि इस महान संत के जन्मोत्सव के हर कार्यक्रम में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनायें। दिनांक 18 अप्रैल को छठी (नामकरण) उत्सव सायंकाल 5 से 7 बजे तक दरबार में ही मनाया जायेगा। जन्मोत्सव की खुशी में कटनी के बाद मेहड़ दरबार तोरबा नाका बिलासपुर, अहमदाबाद, गोधरा, वड़ोदरा, हेमंत नगर, हिंघनघाट, अमरावती, सागर, रायपुर, शहडोल, सतना, जैतवारा, नैनपुर आदि नगरों में नारायण दास के सानिध्य में सेवकों द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

## गांव के बाहर शराब दुकान नहीं की गई तो करेंगे उग्र आंदोलन

# बस्ती बीच चल रही शराब दुकान के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन, दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नियमों को ताक पर रखकर रहवासी क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों आदि के पास शराब दुकान संचालन के अनुमति दी जा रही है नतीजन लोगों में आक्रोश की स्थिति बन रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में धार्मिक स्थलों एवं बस्ती बीच शराब दुकान नहीं खोलने का लोग विरोध कर रहेहैं। बड़वारा ग्राम में आबादी के बीच संचालित हो रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित किए जाने की मांग करते हुए एक बार फिर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ो लोगों ने कलेक्टर, एसपी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान को तत्काल गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दे दी कि यदि उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया और शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे।

रविवार देर शाम बड़वारा ग्राम के सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हो गए और उन्होंने सड़क पर बैठकर धरना देना शुरू कर दिया। गांव के अंदर चल रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को गांव से बाहर स्थापित किया जाए। समस्त गग्रामीणों के द्वारा कई दिनो से शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है कि ग्राम पंचायत बडवारा तहसील मुख्यालय में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान ग्राम से बाहर संचालित की जाये। विगत दिनों सड़को पर उत्तरकर बार बार धरना प्रदर्शन भी किया गया, किन्तु शासन से निराशा ही हाथ लगी। जबकि ग्रामवासियों को आश्वाशसन दिया गया था कि 03 दिनो तक शराब दुकान बंद रहेगी तत्पश्चात दुकान ग्राम से बाहर कर दी जावेगी। किन्तु दुकान न ही बंद हुई और ना ही दुकान को ग्राम से बाहर किया गया।

लोगों ने कहा कि बडवारा में संचालित शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को ग्राम से बाहर संचालन कराया जावे अन्यथा समस्त ग्रामवासी सड़को पर उतरकर वृहद पैमाने पर धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, आत्मदाह करने को विवश होगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## तिलक कॉलेज में अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन

# अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र पुनरूत्थान की संकल्पना का जीवंत उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटनी जिले के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव जी, डॉ. इला घोष सेवानिवृत्त प्राचार्य , श्री पीयूष अग्रवाल जी (जनभागीदारी अध्यक्ष), डॉ. अशोक श्रीवास्तव प्राध्यापक हिन्दी (सेवानिवृत्त प्राचार्य), समाजसेविका नीतू कनकने, उमा बहरे रही। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन के साथ ज्योत्सना सोनी द्वारा सरस्वती गीत से हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई जी ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया।

कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन के लिए राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. के.पी. मिश्रा ने की। डॉ. मिश्रा जी ने अपने वक्तव्य में लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र पुनरुत्यान की संकल्पना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अपने राज्य और समाज के हर पहलू में सुधार करने की कोशिश की। उनका दृष्टिकोण था कि एक समृद्ध राष्ट्र तभी संभव है जब समाज में समानता, शिक्षा और धार्मिक सहिष्णुता हो । उन्होंने भारतीय समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने और उन्हें समान अधिकार देने की दिशा में अहम कदम उठाए। उनका जीवन यह साबित करता है कि यदि नेतृत्व में दृढ़ निष्ठा और और समाज की भलाई का उद्द्देश्य हो, तो कोई भी समस्या हल की जा सकती है ।उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और उनकी संकल्पना आज भी हमें प्रेरित करती है।

डॉ. इला घोष ने भी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कार्यकुशल पर प्रकाश डाला है और कहा कि आज वर्तमान समय में हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए और नित-प्रतिदिन आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उनका पूरा जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं । कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकि सत्र में डॉ.शिवानी वर्मा शासकीय महाविद्यालय बरही द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके शासन में न्याय प्रणाली , उनकी कार्यशैली की जानकारी प्रदान की डॉ. रितु त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार , समाजसेविका नीतू कनकने, उमा बहरे ने भी अपने वक्तव्य के माध्यम से अहिल्याबाई होलकर के शासन व्यवस्था एवं उनके कार्य- कुशलता पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक पुनरुत्थान के क्षेत्र में अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति और कला को भी पुनर्जीवित करने के लिए कार्य किए। वे मानती थीं कि एक राष्ट्र की पहचान उसकी सांस्कृतिक धरोहर से होती है और उसे संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कई ऐतिहासिक मंदिरों का पुर्ननिर्माण किया, जिनमें महेश्वर का प्रसिद्ध मंदिर शामिल था। इसके अलावा उन्होंने भारतीय साहित्य और कला को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए । उनके समय में धार्मिक यात्रा मार्गों का निर्माण हुआ ।

अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति को संरक्षण देने के साथ-साथ उसे पूरे देश में प्रचारित किया। उन्होने भारत के लगभग एक सौ तीस विभिन्न तीर्थ स्थलों और पवित्र नदियों के घाटों का निर्माण कराया। कुछ मंदिरों में शिक्षा केन्द्र, व्यायाम शालाएँ तथा अन्नक्षेत्र आरंभ किए।



# बिजली नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी और अम्हेटा के किसानों को निर्धारित 10 घंटे बिजली नहीं मिलने के कारण किसान ग्रीष्मकालीन फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे है। आक्रोशित किसानों ने सोमवार को बिजली वितरण केन्द्र सिलौंडी पहुंचकर अपनी समस्याओं को बताया। जेई के नही मिलने के कारण के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जेई ने फोन में चर्चा कर मिलने का वादा किया है। किसानों ने बताया कि शासन के नियम अनुसार किसानों को 10 घंटे बिजली मिलना चाहिए । मगर हम किसानों में 3 से 4 घटे ही बिजली मिल पा रही है । अतुल साहू, रवि कुमार, सतीश दीवान, सोनू काछी आदि बताया कि हम किसानों को पर्याप्त लाइट नहीं मिली तो हम कलेक्टर से मुलाकात कर उनकी शिकायत करेगे।

## खबर संक्षेप

### खाद्य कारोबारकर्ता स्टॉक की करें ऑनलाइन घोषणा

**पन्ना।** कृषि उपज मंडी में पंजीकृत व्यापारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग में पंजीकृत गेहूं के व्यापारियों द्वारा भारत सरकार की जारी अधिसूचना अनुसार स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा किया जाना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि थोक व्यापारी एवं विक्रेता के लिए गेहूं के स्टॉक की सीमा 250 मेट्रिक टन, रिटेलर के लिए 4 मेट्रिक टन और बिग चेन रिटेलर के लिए भी 4 मेट्रिक टन प्रति आउटलेट तथा प्रोसेसर के लिए स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधीन पंजीकृत एवं गेहूं के स्टॉक का कारोबार करने वाले समस्त खाद्य कारोबारकर्ता को निर्धारित स्टॉक सीमा का पालन कर गेहूं स्टॉक संधारित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर भी नियमित रूप से स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा करना अनिवार्य है। इस संबंध में शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समस्त पंजीकृत एफएसएसएआई लाईसेंस व पंजीयन प्राप्त समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को सूचित किया गया है।

### श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा का महिला श्रृद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**पन्ना।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस रविवार को नवमीं को पूरे पन्ना नगर में भगवान राम का प्रगटोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को रामनवमी के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए। नगर की सड़कों से होकर निकली इस विशाल शोभायात्रा में आकर्षक ढंग से सजी झांकियां, पारंपरिक संगीत और भक्तिमय मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जन्म का जश्न मनाया ।

### नवरात्रि महापर्व का समापन, नगर में निकले जवारे जलूस

# भक्तिभाव से हुआ जवारे का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शक्ति की भक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्रि का समापन सोमवार नवमी को भक्तों द्वारा माता की पूजा अर्चना कर जवारे विसर्जन कर किया गया। विगत 30 मार्च से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व पर नगर में मां चंडी जी, शीतला माता मंदिर, मां पीतांबरा मंदिर कलेही माता मंदिर के अलावा अन्य देवी दिवालों में माता के भक्तों द्वारा पूरे भक्ति भाव से 9 दिनों तक मां की उपासना सधना में लीन रहे। नवमी के दिन माता के भक्तों ने देवी मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की इसी के साथ अपने-अपने घरों में कुलदेवी की पूजा की। जगह-जगह कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज भंडारे के आयोजन किए गए। वहीं जिन भक्तों द्वारा चैत्र नवरात्रि का व्रत रख रहे थे।

उन्होंने मां का आशीर्वाद और जवारो के दर्शन कर व्रत का समापन किया। संध्याकालीन बेला में नगर के देवी दिवालों के अलावा पंडों के दिवालों पर रखे गए जवारे भक्तों द्वारा माता का भजन कीर्तन करते हुए भक्तों द्वारा मुंह में बाना छेदकर देवी की आस्था का अनूठा परिचय देते हुए भक्ति में लीन होकर नगर के प्रमुख मागों से होते हुए सुनार नदी के घाटों पर विसर्जन किया गया। वही रास्ते में जवारो की शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह भक्तों द्वारा रास्ते में पानी डालकर मार्ग को साफ-सुथरा कर जवारो का पूजन अर्चन कर दर्शन किए।

जवारे विसर्जन के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था सभी देवी भजनों पर झूमते गाते हुए सुनार नदी के घाटों पर विसर्जन करने पहुंचे। जवारे विसर्जन में देवी दुर्गा के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालु मुंह में बाना धारण करते हैं लोगों ने बताया क्षेत्र की परंपरा को जीवित रखने और मन्नत पूरी होने पर बाना धारण किया है। जवारे विसर्जन देखने नगर के मुख्य मार्गों पर लोगों की अपार भीड़ देखी गई।

## कृष्ण सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष कथा का प्रसंग सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय खैया मोहल्ला के माता ज्वाला माई मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन कथा वाचक नारायण मिश्रा ने कृष्ण सुदामा चरित्र और कंस वध राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा की श्रद्धालुओं को भागवत कथा को अपने जीवन में उतरने की बात कही। जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया साथ ही बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र का विपत्ति में साथ दें, उसे अपने से नीचा रखने की बजाय समकक्ष बनाने का प्रयास करें।मित्रता का अर्थ स्वार्थ नहीं बल्कि सहयोग और समर्पण होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे और भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे। वे भिक्षा मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। उनकी पत्नी सुशीला उनसे बार-बार कहती की आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं, उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें।वे अपनी पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान श्री कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है। तो भगवान श्री कृष्णा यह बात सुनकर नंगे पैर ही दौड़कर चले आते हैं और अपने मित्र को गले लगा लेते हैं। उनकी दशा देखकर कृष्ण की आंखों से आंसुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंहासन पर बैठ कर उनके चरणों को धोते हैं सभी पटरानियां उनका आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने घर लौटते हैं तो भगवान श्री कृष्ण की कृपा से अपने यहां झोपड़ी की जगह महल बना हुआ पाते हैं। लेकिन सुदामा जी अपनी घास फूस की बनी कुटिया में रहकर ही भगवान का सुमिरन करते हैं। उन्होंने आगे कहा जिस घर में सुमति अर्थात पूरा परिवार मिलकर रहता है उसे घर में लक्ष्मी वास करती हैं अच्छे विचार वाले लोगों के जीवन में समृद्धि आती है और बुरे विचार वालों के यहां विपत्ति आती है। उक्त अवसर पर कथा आयोजन संतोष कुमार चौरसिया, गुड्डन चौरसिया, मुरलीधर चौरसिया, राजू चौरसिया, जागेश्वर चौरसिया, गोलू चौरसिया सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## जवारे यात्रा में दिखे शक्ति की भक्ति के अदभुत नजारे

### उपासकों ने प्रसाद ग्रहण कर खोला अपना व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर देवी मंदिरों में मन्नतों को लेकर स्थापित किए गए ज्योति कलश एवं जवारे का विर्सजन भक्तिभाव के साथ किया गया नगर के सभी देवी मंदिरों में रखे गए कलशों का विर्सजन भी देर शाम तक जारी रहा सोमवार को चैत्र नवरात्र के नौ दिन पूर्ण होने पर धूमधाम से बैंड बाजों के साथ जवारों का विसर्जन किया गया। नौवें दिन सुबह से नगर की खेरापति माता मंदिर, देवी मंदिरों एवं देवी के दिवालों में हवन पूजन कर कन्याओं के पैर पखार कर कन्या भोज कराए गए। पंडित देवकरन तिवारी ने बताया कि माता सिद्धिदात्री का सच्चे मन से भक्ति भाव से पूजन करने पर अणिमा, महिमा, गरिमा, लंघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईष्वरत्व एवं वषित्व आदि आठ प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है। नवमी के दिन सुबह से ही मॉ आदिशक्ति के उपासक



मातारानी के जवारों की विदाई की तैयारियों में लग गए थे। मंदिरों एवं मातारानी के दिवालों में हवन पूजन के बाद कन्या भोजन हुए उसके बाद शाम 4 बजे से दिवालों से जवारे बड़ी धूमधाम से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकाले गए जिसमें माताएं बहिनें देवी मॉ की भक्तें गाती हुई एवं कुछ माताएं बहिनें सिर पर खप्पर रख कर भाव खेलती चल रहीं थी, जवारे नगर भ्रमण करते हुए मढ़यिाघाट पहुंचे जहां पूजन अर्चन कर जवारे विसर्जित किएया गया। उसके बाद सभी उपासकों ने अपने मातारानी का प्रसाद ग्रहण कर ब्रत खोले जवारे विर्सजन के बाद सभी जगह महाप्रसाद का वितरण किया गया ।

### गणवेश मेला सबंधी बैठक आज

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 15 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक शास. एम एल बी कन्या उ. मा. विद्यालय दमोह के प्रांगण में 06 दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है।जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने बताया पुस्तक/स्टेशनरी, गणवेश मेले के आयोजन के संबंध में जिले के समस्त पुस्तक/स्टेशनरी, यूनीफॉर्म, फुटवेयर/शूज एवं स्कूल बैग स्पोर्ट्स किट, जूते मोज़े आदि विक्रेताओं की बैठक आज 08 अप्रैल 2025 को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित की जा रही है। जिले के समस्त पुस्तक, स्टेशनरी, शैक्षणिक सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पोर्ट्स किट, जूते मोज़े आदि के विक्रेता उक्त बैठक में आमंत्रित हैं। बैठक में उपस्थित होकर पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले में स्टॉल लगाने की सहमति/असहमति प्रदान करें। स्टॉल पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगी।

## मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी व लैपटाप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ विकासखंड पथरिया जिला दमोह में भी मध्य प्रदेश शासन की योजना के तहत मुख्यमंत्री निशुल्क स्कूटी एवं लैपटॉप योजना सत्र 2024 -25 में छात्र राजेंद सिंह लोधी पिता गोरे लाल लोधी ग्राम खेजरा ने 88 % बना कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं छात्रा शिवानी श्रीवास्तव पिता बाबू लाल श्रीवास्तव निवासी इमलीजोग ने 87.8% बनाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर निशुल्क स्कूटी एवं 25000 लैपटॉप की राशि प्राप्त कर जिले में अपना तथा गांव एवं विद्यालय नरसिंहगढ़ का नाम रोशन किया है। मेधावी निशुल्क लैपटॉप योजना में 75 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पांच और छात्र/छात्रा जिसमे ज्योति काछी पिता दम्मू नंदिनी लोधी पिता मान सींग लोधी रूपेश तिवारी पिता श्याम सुन्दर तिवारी प्रहलाद अहिरवार पिता रामावतार, कमल सींग लोधी पिता पूरन ने लैपटॉप कि राशि प्राप्त कर बताया की भविष्य में इसी तरह से अच्छी पढाई करके आई.पी . एस.एवं आई.ए.एस.जैसे पदों पर नियुक्त होना चाहते है। जिसमें छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य महोदय शीलचन्द्र जैन ने निशुल्क स्कूटी/लैपटॉप योजना में चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा इसी तरह से विद्यालय नरसिंहगढ़ से विद्यार्थी अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर आने वाले वार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्र निशुल्क स्कूटी लैपटॉप योजना प्राप्त कर भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जिसमें विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने भी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दमोह सहित नरसिंहगढ़ एवं आस पास के छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों में खुशी एवं प्रसन्नता जाहिर की है।

## धूमधाम से मनाया प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव, शोभायात्रा का हुआ जगह जगह स्वागत

सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पूरे नगर में भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया आराध्य देव प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव शहर के राममंदिर में और पंचवटी मंदिर में सुबह से ही विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भक्ति में सराबोर नजर आए हर आंखें प्रभु श्रीराम को निहार रही थी दरअसल चैत्र नवरात्र के पहले दिन से सम्पूर्ण नगर के मुख्य मार्गो को झंडा और छोटी छोटी झंडियो से भव्यता के साथ सजाया गया था। सोमवार की शाम 5 बजे धूमधाम के साथ रामनवमी के अवसर पर नगर के भगवान श्रीराम जी के मंदिर से बैंड गाजे बाजे एवं डीजे के साथ भगवान राम की सुंदर झाकियां वाहनो में सजाकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में युवाओ के द्वारा गगन भेदी जय श्रीराम के नारे लगाए जा रहे थे। पंचवटी सिद्धधाम में रात्रि में महाआरती का आयोजन किया गया इसके बाद भजन कीर्तन एवं खीर का प्रसाद वितरण किया गया।






### मां मटैना शक्ति धाम में जवारों के दर्शनों को उमड़ी भारी भीड़

**बनवार।** चैत्र नवरात्रि की नवमीं पर शक्तिधामों में जवारे दर्शन विसर्जन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा चौबीसा क्षेत्र की इष्ट देवी मटैना शक्ति धाम दरबार में भक्तों की भीड़ रही। देवालयों में माता के नाम पर की गई घट स्थापना जवारे माता के दर पर चढ़ाने के लिए पंडा-पुजारियों की कठोर साधना भक्ति के दर्शन हुए जिससे भक्ति, उत्साह, ऊर्जा का संचार हो रहा था। ग्राम रोड़ बनवार चौबीसा क्षेत्र की खेर मांटेना शक्ति धाम भक्तिभाव से भक्त भाव खेलते नजर आयें वहीं श्रृद्धालु हाथों में अग्नि से प्रज्वलित ज्वाला खप्पर लिए भक्ति भाव से यह असहज कार्य बड़े ही सहज भाव से करते हुए मां की भक्ति की शक्ति प्रगट कर रहे थे जिनके दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां माटेना शक्ति धाम पहुंचे वहीं महिलाएं मां की भगतें गायन कर रही थी वही श्रद्धालु पूरे परिवार सुख समृद्धि के लिए से मन्नत मांगते हुए आशीर्वाद ले रही थी भक्ति उत्साह का अद्भुत दृश्य के बीच मां के जयकारे गूंज रहे थे।

## हवन और पूर्णाहुति के साथ हुआ कथा का भव्य समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा के गौरैया घाट स्थित बड़ी खेरमाई में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। नौ दिन चले इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माँ भगवती की कथाओं का श्रवण कर अपने जीवन को भक्ति रस से सराबोर किया। इस भव्य समापन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं और भक्तों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन पिछले नौ दिनों से श्री मद देवी भागवत में चल रहा था। इस दौरान आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने नित्य सुबह से वैदिक मंत्रों से आवाहित देवि देवताओं का यजमानों द्वारा पूजन कराया कथा के प्रत्येक दिन भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और मंत्रोच्चार के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथावाचक ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत पुराण अठारह पुराणों में सर्वोत्तम है और यह जीवन के कष्टों को दूर करने का मार्ग प्रशस्त करता है। समापन के दिन सुबह से ही हवन की तैयारियाँ शुरू हो गई थीं। हवन कुंड में विधि-विधान से आहुतियाँ दी गईं। हवन और पूर्णाहुति के बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### आयोजन समिति और अतिथियों का योगदान

इस अवसर पर उपस्थित यजमान मदन नामदेव ने कहा, "ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत रखते हैं और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।" आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नामदेव,चंद्रशेखर हजारी,संतोष सिंह ठाकुर,गोपाल ठाकुर,कमलेश शर्मा,राकेश शर्मा, जितेंद्र नामदेव ने बताया कि इस कथा और भंडारे के आयोजन में समिति सहित स्वयंसेवकों ने दिन-रात मेहनत की कथा व्यास ने अपने आशीर्वचन में कहा, "माँ भगवती की कथा सुनने से आत्मा का कल्याण होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भंडारे में शामिल हुईं श्रद्धा पटेरिया ने कहा, "यहाँ आकर ऐसा लगता है जैसे माँ भगवती का आशीर्वाद सीधे प्राप्त हो रहा हो।" एक अन्य भक्त धर्मेंद्र पाटकर ने बताया कि वे इस कथा में हुए और इस बार का समापन विशेष रूप से यादगार रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी मजबूती प्रदान की। हवन के धुएँ और मंत्रों की गूंज के बीच भक्तों ने एक-दूसरे के साथ आनंद और भक्ति साझा की। समापन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

## बुक एक्सचेंज मेले से जिले में नया कल्चर विकसित होगा, एक दूसरे की मदद कर सकेंगे: कलेक्टर

### 13 अप्रैल 2025 को एमएलबी स्कूल में लगेगा बुक एक्सचेंज मेला



**दमोह।** बुक एक्सचेंज मेले से जिले में नया कल्चर विकसित होगा। एक दूसरे की मदद कर सकेंगे। शासकीय-अशासकीय स्कूल प्रबंधन से आग्रह हैं इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इसे सफल बनाएं। इस आशय के बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बुक एस्कचेंज मेले में बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया 13 अप्रैल 2025 को एमएलबी स्कूल घंटाघर के पास दमोह में बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इस मेले में बड़ी संख्या में पुस्तक दान करने वाले व जरूरतमंद विद्यार्थी जिन्हें निशुल्क पुस्तकों की आवश्यकता है वह उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य द्वारा सुझाव दिए गए। आयोजन समिति ने सभी प्राचार्य से आग्रह किया कि बड़ी संख्या में अभिभावकों को इस मेले में सूचित करने का कष्ट करें ताकि वह अपनी सहभागिता कर सके। अभिभावकों के साथ-साथ विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य जो ऐसे जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तक अथवा अन्य लेखन सामग्री दान देना चाहते हैं वह भी इस मेले में सादर आमंत्रित है। बैठक का आयोजन शिक्षा विभाग एवं आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आनंद विभाग के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्राचार्य रमेश व्यास, तमसील कुरैशी, ऐ पी सी मोहन राय, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## कैरियर काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के पैनल गठन करने की कवायद हुई तेज

**दमोह।** राज्य शासन के तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार द्वारा शिक्षित बेरोजगार आवेदकों एवं विद्यालयों/महाविद्यालयों तथा तकनीकि महाविद्यालयों के अध्यनरत छात्र/छात्राओं को रोजगार/स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही कैरियर काउंसलिंग योजना अंतर्गत वर्ष 2025-2026 के लिए कैरियर काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़यिा ने बताया मनोविज्ञानिक के लिये मनोविज्ञान विषय में स्नाकोत्तर अथवा काउंसलिंग में पी.जी डिप्लोमा एवं किसी शासकीय / निजी संस्था में छात्र एवं छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया संबंधित विषयों में विशेषज्ञता एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं/ प्रवेश परीक्षाओं/ रक्षा सेवा/प्रशिक्षण संस्थाओं/ व्यवसायिक पाठ्यक्रमों/छात्रवृत्तियां/विदेश शिक्षा एवं संस्थान/ शासकीय एवं निजी क्षेत्र में नौकरियां/ स्वरोजगार योजनाओं / कौशल पाठ्यक्रमों/ नेटवर्किंग द्वारा नौकरी/पाठ्यक्रमों की जानकारी देना। चयनित आवेदको के लिए जिला एवं खण्डस्तर के शैक्षणिक संस्थाओं में काउंसलिग हेतु भेजा जायेगा, लगातार अनुपस्थित होने एवं तैयारी के साथ न आने पर पैनल से नाम हटा दिया जायेगा। इस हेतु प्रति काउंसलिंग अधिकतम 1000/- समस्त व्यय सहित देय होगा। योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन नाम पता जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता अनुभव मोबाईल नंबर रोजगार पंजीयन पूर्ण वायोडाटा जिस पर पासपोर्ट साइज की फोटो चस्पा कर 28 अप्रैल 2025 के शाम 5 बजे तक कार्यालीन दिवसों में समस्त प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति के साथ जिला रोजगार कार्यालय आई.टी.आई. मारूताल परिसर में जमा किये जा सकते है। पैनल का गठन चाही गई योग्यता के मेरिट अंको एवं अनुभव के आधार पर होगा।

## खबर संक्षेप

### केवल सरकारी कार्यालयों में ही आधार केंद्र के संचालन की अनुमति

**दमोह।** जिले में सरकारी कार्यालयों के अलावा यदि किसी निजी दुकान या किसी निजी कार्यालय में आधार केंद्र का संचालन (नए आधार कार्ड बनाना, डेमोग्राफिक अपडेट, बायोमैट्रिक अपडेट) होना पाया जाता है, अथवा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क की राशि आधार ऑपरेटर द्वारा ली जाती है, तो इसकी सूचना / शिकायत दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। सूचना देने वाले / शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### निर्धारित पुस्तकों की बजाय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने मजबूर करने पर नोटिस जारी

**दमोह।** जिले के सीबीएसई से सम्बन्द्ध विभिन्न विद्यालयों द्वारा सत्र 2025-26 में कक्षा पहली से 12वीं तक समस्त कक्षाओं में एनसीईआरटी प्रकाशित पुस्तक लागू की गई है, ऐसी स्थिति में विद्यालय प्रबंधन सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा एनसीईआरटी प्रकाशित पुस्तकों के स्थान पर अन्य निजी प्रकाशन की पुस्तक लागू किए जाने का औचित्य स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने कहा है विद्यालय प्रबंधन द्वारा बिना किसी ठोस आधार औचित्य के एनसीईआरटी की पुस्तक की तुलना में 6 से 12 गुना से भी अधिक कीमत पर महंगी पुस्तकों को लागू किया जाना सूचित किया गया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सेंट जॉन विद्यालय प्रबंधन 09 अप्रैल 2025 के शाम 5 बजे तक जिला समिति को अपने साक्ष्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने बताया पाठ्यक्रम और सिलेबस के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में दायर याचिका क्रमांक 2900/2016 में पारित निर्णय एवं सी बी एस ई एफ़िलिएशन बाय लाज़ 2018 के 2.4.7 के बिंदु (ए) एवं (सी) के प्रावधानों के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन 09 अप्रैल 2025 के सायं 05 बजे तक निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को लागू किये जाने के संबंध में प्राचार्य एवं प्रबंधक संयुक्त हस्ताक्षरित घोषणा पत्र तथा निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लागू करने के प्रस्ताव का सुस्पष्ट आधार ज़िला समिति निजी विद्यालय ज़िला दमोह को उपलब्ध कराये जाने कहा गया हैं।

### औषधालय समिति 8 अप्रैल को लगाएगा चिकित्सा शिविर

**दमोह।** भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर श्री दिगंबर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति दमोह के द्वारा हृदय और डायबिटीज (शुगर) रोगियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का नगर के वरिष्ट चिकित्सक डॉ संजीव सिंघई, डॉ देवेन्द्र जैन, डॉ गौरव नायक, डॉ आभाष जैन, डॉ अमित जैन, डॉ अजय जैन के द्वारा परीक्षण और निःशुल्क जांच कराई जाएगी। दिनांक : 8 अप्रैल 2025 मंगलवार , समयः सुबह 9: 30 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्थानः जैन औषधालय भवन में आयोजित किया गया है। नोटः कृपया मरीज अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ में लाए, आवश्यकता अनुसार मरीजों की बी पी, शुगर, ईसीजी की जांच निःशुल्क की जाएगी, निवेदकः दिगंबर जैन पंचायत एवं सकल जैन समाज दमोह। धर्मार्थ औषधालय समिति के अध्यक्ष मनोज जैन मीनू , मंत्री सोनू जैन नेता, कोषाध्यक्ष मनोज जैन मंटू , प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, चिकित्सा शिविर सह प्रभारी रोहित जैन रिंकू ने सभी से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

---

लोगों की आस्था का केंद्र बिंदु है दसौंदी का बलखंडन खेरमाई का दरबार: एक दिवसीय मेला में दूरदराज से पहुंचते है भक्त

# शक्ति की भक्ति के अनोखे नजारेः 40 डिग्री तापमान में भी बलखंडन माता के दरबार में दंड भरते हुये पहुंचे सैकड़ों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ब्लॉक की दिनारी ग्राम पंचायत के दसोंदी गांव में बलखंडन खेर माता विराजमान हैं। जहां चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को श्रद्धालु उघारे होकर दंड भरते हुए माता के दरबार में पहुंचते हैं यह परंपरा सैकड़ों वर्ष से निभाई जा रही है। दसोंदी गाँव में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन होता है सोमवार को यहां श्रद्धालु अपने गांव से दंड भरे हुए माता के दरबार तक पहुंचे। बता दें कि इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो इस दिन आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग करते हैं।



### दसोंदी खेरमाई नाम से प्रसिद्ध है स्थान

तेंदूखेड़ा नगर से करीब 35 किमी दूर दसोदी गांव है यह तेंदूखेड़ा जनपद की दिनारी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। यहां बिराजी देवी को दसोंदी बाली खेरमाई के नाम से जाना जाता हैं जो दसोंदी सहित आसपास के ग्रामीणों के लिये अटूट आस्था का केंद्र हैं। प्रतिवर्ष इस गांव में चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय मेला भरता है। यहां पर भक्त चैत्र नवरात्र के पहले दिन से खेरमाई के नाम का घट अपने दिवाले पर रखते हैं और नवमी के दिन माता के चरणों मे समर्पित करते हैं। साथ ही । श्रीफल लेकर गृहग्राम से दंड भरकर देवी स्थान तक जाते हैं सोमवार को सैकड़ों भक्त एक साथ दंड भरते हुये दसोंदी कि खेरमाई की जय जयकार करते हुए पहुंचे।

### मुस्लिम समाज करती है सहयोग

ग्राम पंचायत दिनारी के सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया कि बलखंडन खेरमाई देवी स्थान उनकी पंचायत में आता है। एक वर्ष में नवमी के दिन यहां पर मेला भरता है लोगों में बलखंडन खेरमाई के प्रति ऐसी भक्ति और आस्था है कि भक्त 40-45 डिग्री तापमान में भी दंड भरते हुए दरवार पहुंचे हैं इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो पूरी आस्था के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करते हैं। इस तरह से खेरमाई स्थान तक जाने से लोगों के घर में सुख, शांति बनी रहती है, फसलों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता और मांगी मन्नत पूरी होती है। यह आयोजन सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है जो और परंपरा के अनुसार, आज भी मनाया गया।

### दो से तीन किलोमीटर भरते हैं दंड

ग्राम दसोंदी में विराजी बलखंडल तक पहुंचने के लिए लोग अपने ग्रह ग्राम से दंड भरते हुए माता के मंदिर को पहुंचते हैं। इसमें दूरी का कोई अनुमान नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे दसोदी गांव के लोग हैं तो वह अपने घर से ही दंड भरते हुए जाते - हैं और यदि कोई दूसरे गांव का है तो - उसको उसी गांव से दंड भरते हुए माता के स्थान पर जाना पड़ता है।

### मनोकामना पूरी होने के बाद लगाई जाती है हाजिरी

इस संबंध में दिनारी सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया कि बलखंडन खेरमाता का मंदिर धार्मिक आस्थाओं के साथ चमत्कार का भी केंद्र है। यहाँ हर भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं जिनकी मनोकामना पूर्ण होती है। वह चैत्र नवरात्र पर्व में दंड भरकर परिक्रमा करते हैं वहीं नवमी को जवारे विसर्जन के साथ प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया जाता है।



---

# शराब दुकान के सामने संगठन ने दिया धरना



### आबकारी विभाग की टीम ने पहुंच कर जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ थाना अंतर्गत तेजगढ़ बस स्टैंड के पास देशी और अंग्रेजी शराब दुकान खुली है जिसके विरोध में भगवती मानव शक्ति चेतना संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता ओर महिलाओं ने बड़ी संख्या में धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों का कहना था कि दुकान में अवैध रूप से चल रही शराब बिक रही है जिसकी जांच करवाने के लिए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने कहा सुबह 7 बजे से धरने पर बैठे है जांच और न्याय की मांग की। लेकिन संबंधित आबकारी अधिकारी नहीं आए। जब तक जांच अधिकारी नही आयगे तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा संगठन के द्वारा शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारे लगाए गये और जांच की मांग की। संगठन का कहना है सरकार के निर्धारित रेट पर शराब बिक्री की जावे और शराब सरकार द्वारा निर्धारित दुकान में रखी जावे। सभी प्रदर्शन कर्ताओं ने शराब दुकान के सामने बैठकर शाम 6 बजे भोजन किया और प्रदर्शन जारी रखा। इस अवसर पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत, विजय पटेल, डॉक्टर सुजान सिंह, संभागीय अध्यक्ष राकेश तिवारी, नशा मुक्ति अध्यक्ष जगदीश सिह लोधी, जिला अध्यक्ष महिला ललिता पाल, देवी सिंह और बड़ी संख्या में शक्ति पार्टी के सदस्य और जनता उपस्थित रही।

आबकारी विभाग से निरीक्षक श्री गांधी ने बताया कि शिकायत मिलने पर यहां आकर जांच की गई है। संगठन के द्वारा जो विषय बताये गये उनके संबंध में जांच की गई है। जांच में शराब के दस्तावेज देखकर स्टाक का मिलान कर लिया गया है जिसमें परमिट अनुसार भण्डारण पाये गये है। वहीं दुकान के दस्तावेज के संबंध आबकारी विभाग नहीं पंजीयन विभाग, व पंचायत आदि का विषय है जिसके लिये वह जांच कर कार्यवाही करेंगे।

# जान दे देंगे पर शराब दुकान नहीं खुलने देंगे

## ग्राम केवलारी में शराब दुकान को लेकर ग्रामीण व आबकारी विभाग आये आमने सामने



**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी में शराब दुकान खुलने को लेकर इस बार ग्रामीणों द्वारा खुलकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा जिसमें महिलाएं भी शामिल है। शराब दुकान ठेकेदार को ठेका मिला तो वह खोलने के लिए आबकारी व पुलिस प्रशासन से शराब दुकान खोलने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन ग्रामीणों द्वारा इस बार दुकान का जमकर विरोध किया जा रहा है। ऐसे में आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है पर ग्रामीण गांव में शराब दुकान नही खुलने दें रहें हैं। इसमें महिलाओं द्वारा तो सीधे यह तक कह दिया कि हमें लाडली बहिना के 1250 नही दो पर शराब दुकान नही खुलने देंगे। सोमवार को आबकारी विभाग व पुलिस द्वारा एक साथ ग्राम में एक खेत में दुकान खोलने का स्थान देखकर ग्रामीणों का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आबकारी पुलिस ने बच्चे को पीटा पिता को गिरफ्तार कर लिया। शराब दुकान बंद रखने को लेकर ग्रामीणों पर आबकारी पुलिस द्वारा हमला किया। ग्राम केवलारी में लगातार शराब माफिया द्वारा जबरदस्ती शराब दुकान रखने को लेकर महिलाओं बच्चों के ऊपर आबकारी पुलिस द्वारा मारपीट की गई जिस पर बच्चा रोता बिलखते नजर आ रहा है। अनिल कुमार कुर्मी,चंद्रभान कुर्मी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया। उसके बाद हंगामा हुआ। बाद में ग्रामीणों को पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा शराब दुकान उखाड़ कर फेंका गया ठेकेदार द्वारा शराब दुकान बनाई जा रही थी जिसको लेकर ग्रामीणों को गुस्सा आया और शराब दुकान उखाड़ के फेंक दी। यहां शराब दुकान नहीं रहेगी। केवलारी ग्रामीणों की एक ही मांग है हमारे ग्राम में शराब दुकान किसी भी कीमत पर नहीं रहेगी चाहे हम लोगों को कुछ भी करना पड़े। जान भी देना पड़े तो जान भी दे देंगे। ग्राम पंचायत सरपंच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बिना एग्रीमेंट के शराब दुकान माफिया ठेकेदार द्वारा दुकान रखी जा रही थी जिस खेत में शराब दुकान रखी जा रही थी उसे खेत के मालिक ने साफ कहा है कि हमने एग्रीमेंट नहीं दिया है। एग्रीमेंट डरा धमका के करवाया गया है और हम शराब दुकान अपने जगह में नहीं रखने देंगे। ग्रामीण द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया । सूचना मिलने पर एसडीएम निकेत चौरसिया, एसडीओपी रघु केसरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। आबकारी पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसको पथरिया थाने में ले जाया गया जिस पर ग्रामीणों का गुस्सा और ज्यादा बढ़ गया और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन आबकारी विभाग की गाड़ियों को रास्ते में रोक कर पुलिस प्रशासन से मांग की कि हमारे गांव के लोगों को छोड़ दो आप उसके बाद हम लोग जाने देंगे महिलाओं ने पुलिस प्रशासन की गाड़ी रोककर पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हमारे ग्राम में कोई भी कीमत पर शराब दुकान नहीं रखी जाएगी पथरिया पुलिस प्रशासन एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि हम लोग कोशिश कर रहे हैं।

# मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर को लेकर मानव अधिकार आयोग की टीम पहुची दमोह

### फर्जी डाक्टर प्रयागराज से गिरफ्तार

**दमोह।** मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर के इलाज से सात हृदय रोगी मरीजों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली से एक तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए दमोह पहुंची है। यह टीम 7 से 9 अप्रैल तक जिले में रहकर पूरे प्रकरण की गहन जांच करेगी। सोमवार को टीम ने दमोह के सर्किट हाउस में कलेक्टर सुधीर कोचर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मुकेश जैन, शिकायतकर्ता और मृतकों के परिजनों के साथ चर्चा शुरू की। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक व्यक्ति, जो खुद को लंदन के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट एनकेम जॉन के नाम से पेश कर रहा था, ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच मिशन अस्पताल में 15 हार्ट सर्जरी कीं, जिनमें से सात मरीजों की मौत हो गई। शिकायतकर्ता और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक तिवारी ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद एनएचआरसी ने संज्ञान लिया। जांच टीम अस्पताल की मान्यता, डॉक्टरों



की नियुक्ति प्रक्रिया और प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत हुए भुगतान की भी पड़ताल करेगी।कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा, ₹मामले की जांच चल रही है और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।₹ वहीं, मृतकों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोपी फर्जी डॉक्टर नरेंद्र यादव (एनकेम जॉन) फरार बताया जा रहा है। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दमोह।** प्यार में पागल प्रेमी युगल ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इनमें जहां प्रेमिका एक युवती है तो वहीं प्रेमी दो बच्चों का पिता है। यह घटनाक्रम दमोह जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत फुटेरा कला चौकी क्षेत्र अंतर्गत सामने आया है जहां एक प्रेमी जोड़े ने फांसी फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया। बाद में परिजनों को जब जानकारी लगी तो दोनों को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने चेक अप उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि एक यूवती की दो माह पहले शादी तय हो चुकी थी। इधर उसके प्रेम संबंध उस व्यक्ति से था जो दो बच्चो के पिता था। प्यार में पागल होकर वह दो बच्चों के पिता अपने प्रेमी से मिलने के लिए बांदकपुर से फुटेरा कला आई हुई थी। माना जा रहा है की साथ जीने मरने की कसम खा चुके प्रेमी युगल को इस बात का एहसास हो चुका था कि जीते जी अब वह साथ नहीं रह पाएंगे शायद यही वजह रही की दोनों ने मुलाकात के बाद एक साथ मौत को गले लगा लिया। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम उपरांत दोनों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं ।

# दुर्गा प्रतिमा एवं जवारे के दर्शनों को बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

चैत्रनवरात्रि की नवमी को बनवार के दरवाजे मोहल्ला में विराजमान मां दुर्गा के दर्शनों और जवारे विसर्जन शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा बनवार के दरवाजे मोहल्ला से लेकर खेर माता मंदिर तक जवारे विसर्जन की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जवारे दर्शन करते हुए माता रानी से परिवार की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। जवारे दर्शनों की अलौकिक छटा बिखर रही थी। सुख समृद्धि का प्रत्येक जवारे की हरियाली हर तरफ दिखाई दे रही है। सिर पर घट धारण किए कन्याएं आगे आगे चल रही थी। पीछे-पीछे भजन संकीर्तन करते हुए भजन मंडली चल रही थी। 9 दिन तक पंडा पुजारी की कठोर साधना के प्रतीक जवारे देवी देवालयों से निकलकर खीर माता मंदिर तक पहुंचे जहां महामाई की पूजन करते हुए जवारे चढ़ाए गए।




# महादेव की अद्भुत लीलाः ज्योतिषी वेष में भगवान श्री राम के दर्शन

**बनवार।** हिनौती खेत सिंह स्थित फूलन देवी मंदिर परिसर में चल रहे श्री शतचंडी यज्ञ एवं श्री राम कथा में भगवान श्री राम के बाल रूप का वर्णन किया गया। कथा प्रवक्ता पंडित ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने अपने मधुर कंठ से भगवान श्री राम के जन्म से लेकर उनके नामकरण संस्कार तक का सुंदर चित्रण किया। भगवान श्री राम के जन्म के बाद अयोध्या में खुशियों का माहौल था। दासियां दौड़ पड़ीं, अयोध्या सजने लगी और जन-जन में उत्साह छा गया। मुनि वशिष्ठ ने चारों भाइयों का नामकरण संस्कार कराया। महादेव ने भगवान श्री राम के दर्शन के लिए ज्योतिषी का वेष धारण किया। उन्होंने कागभुशुंडि को बालक बनाकर और स्वयं त्रिकालदर्शी वृद्ध ज्योतिषी का वेष धारण कर शिशुओं का फलादेश बताने के बहाने अयोध्या के निवास में प्रवेश किया। इस वेष में वे भगवान श्री राम के चरण कमलों का दर्शन कर परमानंद में निमग्न हो गए। शंकर जी बालक का हाथ देखने के बहाने कभी उनके कोमल कर कमलों को सहलाते तो कभी अपनी जटाओं से उनके रक्ताभ तलवों को थपथपाते और देवताओं के लिए भी दुर्लभ उन चरण कमलों का दर्शन कर परमानंद में निमग्न हो जाते।

### खड़ेरा माता पँहुचे राज्यमंत्री लखन पटेल

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री श्री लखन पटेल आज बटियागढ़ ब्लॉक के भिलोनी गांव के पास प्रसिद्ध खड़ेरा माता मंदिर पहुंचे, राज्यमंत्री ने यहां खड़ेरा वाली माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की, तदोपरांत मन्दिर परिसर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल द्वारा आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की और लोगों से मुलाकात कर चैत्र नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दी।

# जवारे यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**सिंग्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि की नवमी को दीवालों मैं माता के नाम के घट स्थापना की गई थी जिन का दर्शन विसर्जन के लिए आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जवारे दर्शन करते हुए माता से सुख समृद्धि की कामना की सिंग्रामपुर ग्राम में जवारे दर्शन के लिए जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वही घट स्थापना के साथ पंडा पुजारियों के द्वारा माता की की गई। कठोर साधना के दर्शन जवारे विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान हुए पंडो के द्वारा माता की शक्ति प्रकट करने के लिए जहां गालों में बाने छेदकर शोभायात्रा में चल रहे थे। वही अग्नि से प्रज्वलित खप्पर लिए माता की भक्ति में लीन दिखाई दिए। बता दें चैत्र नवरात्रि की शुरुआत में माता की भक्ति के प्रति समर्पित घटस्थापना की जाती है और नवमी को जगह जगह जवारे देवी धामों में चढ़ाने के लिए पंडा पुजारी पहुंचते हैं जिनके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होकर मां के प्रति अपने आस्था भक्ति दिखाते हुए मां का आशीर्वाद लेते हैं।